ग्रामीण कृषि मौसम सेवा

भारत मौसम विज्ञान विभाग
गोविंद बल्लभ पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
उधम सिंह नगर, पंतनगर, उत्तराखंड

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 08-08-2022

नैनीताल(उत्तराखंड) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2022-08-08 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2022-08-09	2022-08-10	2022-08-11	2022-08-12	2022-08-13
वर्षा (मिमी)	12.0	15.0	40.0	10.0	2.0
अधिकतम तापमान(से.)	24.0	25.0	22.0	23.0	22.0
न्यूनतम तापमान(से.)	16.0	17.0	15.0	15.0	15.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	85	95	95	90	90
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	60	65	70	65	60
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	6.0	6.0	6.0	6.0	6.0
पवन दिशा (डिग्री)	130	70	100	70	70
क्लाउड कवर (ओक्टा)	5	6	8	5	3

मौसम सारांश / चेतावनी:

आगामी पांच दिनों में, 10 अगस्त को मध्यम वर्षा तथा शेष दिन बूंदा-बांदी या हल्की वर्षा होने की सम्भावना है। अधिकतम एवम् न्यूनतम तापमान क्रमश: 22.0 से 25.0 व 15.0 से 17.0 डिग्री सेल्सियस रहेगा| हवा के 6.0 किमी/घंटे की गति से पूर्व-दक्षिण-पूर्व व पूर्व-उत्तर-पूर्व दिशा से चलने का अनुमान है। चेतावनीः 10 अगस्त को पहाड़ों में, कहीं-कहीं गरज के साथ आकाशीय बिजली गिरने की संभावना है। ईआरएफएस के अनुसार, 10 से 16 अगस्त के दौरान राज्य में वर्षा, अधिकतम तथा न्यूनतम तापमान सामान्य का अनुमान हैं।

सामान्य सलाहकार:

किसान भाई पिछले सप्ताह के मौसम, मौसम पूर्वानुमान और मौसम आधारित कृषि सलाह प्राप्त करने के लिए "मेघदूत ऐप" तथा आकाशीय बिजली के पूर्वानुमान हेतु "दामिनी एप" डाउनलोड करें। मेघदूत व दामिनी ऐप को गूगल प्ले स्टोर (एंड्रॉ इड उपयोगकर्ताओं) ओं और ऐप सेंटसें र (आईओएस उपयोगकर्ताओं) ओं से डाउनलोड किया जा सकता है| पशुओं को बारिश का पानी न पिलायें व खेत में जल निकास की उचित व्यवस्था बनायें रखें तथा रसायनों का छिड़काव मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करें।

लघु संदेश सलाहकार:

आगामी पांच दिनों में, 10 अगस्त को मध्यम वर्षा तथा शेष दिन बूंदा-बांदी या हल्की वर्षा होने की सम्भावना है। चेतावनीः 10 अगस्त को पहाड़ों में, कहीं-कहीं गरज के साथ आकाशीय बिजली गिरने की संभावना है।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
मक्का	आगामी दिनों में वर्षा पूर्वानुमान को ध्यान में रखते हुए किसान भाईयों को सलाह दी जाती है कि मक्का की फसल में अभी सिंचाई न करें व खेत में जल निकास की उचित व्यवस्था बनायें रखें।
चावल	वर्षा के पश्चात् अथवा मिट्टी में उपयुक्त नमी होने पर चेतकी/जेठी धान में 1.25 किग्रा यूरिया प्रति नाली की दर से टॉप-ड्रेसिंग करें।
गन्ना	अगस्त के प्रथम पखवाड़े में जमीन से 1.5 से 2 फीट की ऊँचाई पर प्रत्येक कतार के 5-6 गन्नों को एक साथ सूखी पत्तियो से बंधाई करें। इससे अधिक वर्षा व तेज हवाओं के कारण गन्ना गिरता नही हैं।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
आम	अगस्त के प्रथम पखवाड़े में आम की गुठली बोने का कार्य जारी रखे। एक वर्ष पुराने बीजू पौधो को कलम बॉधने से पहले अन्य स्थान पर लगाऐ तथा ग्राफ्टिंग कार्य जारी रखे।
अमरूद	आम, अमरुद, नीबू, लीची आदि फलो के प्रवर्धन की प्रक्रिया शुरु करे।
कद्दू	खीरा एवं चप्पन कद्दू के तैयार फलों को बाजार मे बिक्री करें।
ब्रोकोली	मूली, बंदगोभी, ब्रोकली एवं शलजम की अगेती प्रजातियो का प्रतिरोपण करें।
टमाटर	पर्वतीय क्षेत्रो में टमाटर, बैंगन एवं शिमला मिर्च की फसल में बरसात के दौरान जल निकास की समुचित व्यवस्था रखें तथा समय-समय पर फलों की तुड़ाई करें।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
भेंस	पशु को ब्याने के बाद अच्छी तरह से साफ-सफाई करके यूटरोटाने/हरीरा/गाइनोटोन नामक दवा में से किसी एक दवा की 200 मिली मात्रा सुबह शाम तीन दिनों तक गर्भाशय की सफाई हेतु देनी चाहिए।

मुर्गी पालन विशिष्ट सलाह:

मुर्गी पालन	मुर्गी पालन विशिष्ट सलाह
मुर्गी	मुर्गी पालन के उत्पादन में अधिक से अधिक लाभ हेतु मुर्गियो का समय से टीकाकरण करवायें।